卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 244 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦10 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कार खाई में गिरने से चार पर्यटकों की मौत

### झड़ीपानी रोड पर हुआ भीषण हादसा, ब्रेक फेल होने की आशंका

मसूरी (उद संवाददाता)। मसूरी के झड़ीपानी शॉर्टकट मार्ग पर बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में चार पर्यटकों की मौत हो गई। एक मारुति सिलेरियो कार अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस और 108 एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और दुर्गम क्षेत्र में राहत एवं बचाव अभियान चलाया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण वाहन के ब्रेक फेल होना माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह 9:16 बजे 112 कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना मसूरी को सूचना प्राप्त हुई कि बार्लोगंज चौकी क्षेत्र के अंतर्गत झड़ीपानी रोड पर एक कार तीव्र ढलान पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई है। सूचना मिलते ही कोतवाली मसूरी से पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। (शेष पृष्ठ सात पर)



### मुंस्यारी से लौट रहे पर्यटकों की कार खाई में गिरी,पांच घायल

चंपावत। मुन्स्यारी भ्रमण कर हरियाणा लौट रहे पांच युवकों की कार बुधवार तड़के टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल्थी के समीप अनियंत्रित होकर करीब 70 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। इनमें से तीन युवकों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया (शेष पृष्ठ सात पर)

## बच्चा चोरी गिरोह का भंडाफोड़,6 गिरफ्तार


### अपहृत तीन वर्षीय बच्ची बरामद,दिल्ली से चोरी किया गया डेढ़ वर्षीय बच्चा भी मिला

हरिद्वार (उद संवाददाता)। कनखल क्षेत्र से तीन वर्षीय मासूम बच्ची के अपहरण के मामले में हरिद्वार पुलिस और सीआईयू की संयुक्त टीम ने 72 घंटे के भीतर अंतर्राज्यीय बच्चा चोरी और मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो महिलाओं समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृत बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। कार्रवाई के दौरान दिल्ली रेलवे स्टेशन से चोरी किए गए एक अन्य डेढ़ वर्षीय बच्चे को भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह बच्चों का अपहरण (शेष पृष्ठ सात पर)




## पत्नी से विवाद के बाद फांसी पर झूला युवक

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में पति पत्नी के मध्य किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद पति ने पत्नी को कमरे से बाहर निकालकर कमरा अंदर से बंद कर लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने कमरे का दरवाजा जोड़कर उसे फांसी से उतारकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प वार्ड 5 अरविन्द नगर निवासी 27 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र रूपराम अपनी पत्नी व 7 माह की पुत्री के साथ रह कर सिडकुल की एक कंपनी में मजदूरी करता था। बताया जाता है कि पति पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर आये दिन झगड़ा होता रहता था। मंगलवार को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। जिस पर वार्ड पार्षद ने आकर दोनों को समझाया। प्रात: फिर दोनों के बीच झगड़ा हो गया जिसके बाद जितेन्द्र ने पत्नी को कमरे से बाहर निकाल दिया और कमरा अन्दर से बंद कर दिया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो लोगों ने इसकी सूचना उसके भाई राजकुमार को दी। लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अन्दर देखा जहां जितेन्द्र फांसी पर लटका पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी आ गये। जितेन्द्र को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि घटना के बाद से मृतक जितेन्द्र की पत्नी गायब है।



## संदिग्ध हालातों में फांसी पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की सायं किरायेदार के रूप में अकेले रहने वाले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूॅचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्अमार्टम हाऊस भिजवायाऔर घटना से मृतक के परिजनों को अवगत कराया। सूचना मिलते ही परिजन आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम खुखरा रामपुर लखीमपुर खीरी निवासी 22 वर्षीय विनय पुत्र हरिओम पिछले कई वर्षों से ट्रांजिट कैम्प में किरायेदार के रूप में कमरे में अकेला रहकर सिंडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर उसने अपनी माता व बहन आदि परिजनों को फोन कर उनका हाल जाना था। सायंकाल आसपड़ोस के लोगों ने जब उसे कमरे में फांसी पर लटका देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने विनय को फांसी से उतारकर उसे जिला चिकित्सालय भिजवाया तथा कमरे का बारीकी से निरीक्षण किया। चिकित्सकों द्वारा विनय को मृत घोषित करने पर पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया और घटना की जानकारी उसके बढ़े भाई (शेष पृष्ठ सात पर)



## उत्तराखंड से लेकर यूपी तक फैला हथियारों का नेटवर्क!

### पकड़े गए लोगों से हो सकते हैं बड़े खुलासे, पूरे देश में फैले होने की भी आशंका

देहरादून/रुद्रपुर। उत्तराखंड एसटीएफ द्वारा उजागर किए गए फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। शुरुआती जांच में सामने आए तथ्यों से संकेत मिल रहे हैं कि यह नेटवर्क केवल उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार देश के अन्य राज्यों तक भी जुड़े हो सकते हैं। जांच एजेंसियां अब इस पूरे रैकेट की गहराई तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं और गिरफ्तार आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, फर्जी दस्तावेजों, गलत (शेष पृष्ठ सात पर)



### कार में पकड़ा हथियारों का जखीरा

काशीपुर। स्पेशल टास्क फोर्स और ऊधम सिंह नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में काशीपुर क्षेत्र से अवैध हथियारों और फर्जी शस्त्र लाइसेंस का बड़ा मामला सामने आया है। संयुक्त अभियान के दौरान एक स्विफ्ट कार से चार अवैध हथियार, 237 जिंदा कारतूस, चार मैगजीन तथा सात कूटरचित शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए हैं। मामले में एसटीएफ पहले ही तीन मुकदमे दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फर्जी लाईसेंस बनकवार हथियार रखने वाले कई लोग एसटीएफ की रडार पर है। एसटीएफ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के अपराध मुक्त उत्तराखंड के विजन तथा पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देशन में राज्यभर में बाहरी राज्यों से स्थानांतरित होकर आए शस्त्र लाइसेंसों की सत्यता और (शेष पृष्ठ सात पर)

## कहासुनी के बाद बाईक सवार युवकों पर हमला,तानी पिस्टल

रुद्रपुर। इंदिरा कॉलोनी के पास मामूली विवाद में कुछ युवकों ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों पर हमला करने के बाद उनपर पिस्टल तान जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रिंस सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेडा पोस्ट दानपुर, रुद्रपुर निवासी प्रिंस सिंह पुत्र अमरीक सिंह का कहना है कि 08 जून को रात वह अपने दोस्त रोशन सिंह पुत्र परमजीत सिंह के साथ अपनी नानी के घर मोटर साईकिल से जा रहे थे। जब बालाजी द्वार पहुँचे तो इन्द्रा कालोनी गली नं0-4 के मोड पर उनकी मोटर साईकिल के सामने विपरीत दिशा से आ रही मोटर साईकिल को बचाने के कारण हम बाईक से गिर गये उसके पश्चात दूसरी मोटर साईकिल सवार विक्की सन्धू व वीरत चौधरी निवासी दिबदिबा, बिलासपुर, रामपुर ने उनको पकड लिया और गालिया देते अपने अन्य साथियों को भी वहाँ बुला लिया। सभी उनके साथ मार-पीट करने लगे जिससे उनको काफी चोटे आयी, जिसको देखकर वहाँ भीड इक्ट्ठा होने लगी। प्रिंस का आरोप है कि विक्की पिस्टल दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भाग गया। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कंपनी से लौटते युवक पर किया जानलेवा हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बिन्दुखेड़ा रोड पर कम्पनी मैबकम समाप्त कर घर वापस लौट रहेबेक श्रमिक पर कम्पनी गेट ओर ही हथियारों से लैस कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और धमकी देते हुए मौके पर फरार हो गए।मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बिन्दुखेड़ा निवासी रजनीश यादव पुत्र मोरसिंह ने बताया कि एक 8 जून रात्रि वह बिन्दुखेडा रोड एहसास कम्पनी से काम करके बाहर निकला ही था। तभी कम्पनी के बाहर पहले से ही घात लगायें बैठा बिन्दूखेड़ा निवासी युवक ने उसके सिर पर धारदार स्टील की रॉड से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे वह न लुहान बेहोश हो गया। उसे अधमरा छोड़कर हमलावर फरार हो गए। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल(शेष पृष्ठ सात पर)



## होटल में मुस्लिम युवक के साथ मिली हिंदू युवती, हंगामा

### बजरंग दल पहुंचा थाने, पुलिस लव जिहाद के एंगल की कर रही जाँच

नानकमत्ता। नगर के एक होटल में अलग-अलग समुदाय के युवक और युवती के मिलने की सूचना पर मंगलवार देर रात हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पूछताछ के लिए थाने ले आई। मामले की भनक लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए और युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार 9 जून की रात करीब 10:30 बजे बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख भरत चंद ने पुलिस को सूचना दी कि नानकमत्ता स्थित होटल सिटी सेंटर में एक युवक और युवती बिना वैध पहचान पत्र के ठहरे हुए हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाना नानकमत्ता पहुंचाया। करीब 11 बजे भरत चंद के नेतृत्व में 10 से 12 बजरंग दल कार्यकर्ता भी थाने पहुंच गए और युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद कार्यकर्ता वापस लौट गए। पुलिस जांच में युवक की पहचान इशाक अली 28 वर्ष पुत्र सत्तार निवासी वार्ड 2 सितारगंज तथा युवती की पहचान कमला (21 वर्ष) निवासी जनपद पिथौरागढ़ के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि युवक खटीमा और युवती हल्द्वानी जॉब करते हैं और पिछले करीब डेढ़ वर्ष से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। युवती चंपावत से लौटते समय नानकमत्ता के (शेष पृष्ठ सात पर)

### बिना पहचान पत्र के रूम मुहैया करा रहे होटल संचालक

नानकमता। नानकमत्ता में होटल संचालक कायदे कानून की धज्जियां उड़ाते हुए बिना प्रमाण पत्र के कमरा किराए पर दे रहे हैं। होटल की आड़ में अनैतिक व अवैध व्यापार की गतिविधियां भी संचालित है। इससे पूर्व भी एक होटल पर अवैध व्यापार को लेकर कार्रवाई की गई थी। पुलिस को समय-समय पर ऐसे होटल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# मानसून से पहले आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी करें: धामी

## समीक्षा बैठक में 15 नवंबर तक सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं, जनसुविधाओं और आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून समाप्त होने के बाद 15 नवंबर 2026 तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शेष बचे कार्यों को मानसून शुरू होने से पहले पूरा किया जाए। पुलों, कल्वर्टों और ड्रेनेज सिस्टम की जांच कर आवश्यक मरम्मत समयबद्ध रूप से पूरी की जाए तथा नालों और जल निकासी मार्गों की सफाई भी मानसून से पूर्व सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जीवनरक्षक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और एम्बुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की अद्यतन सूची नियमित रूप से तैयार रखी जाए। संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पतालों के आसपास ठहरने की व्यवस्था की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर हेली एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में भूस्खलन संभावित क्षेत्रों, बाढ़ प्रभावित स्थानों, नदी तटों और भू कटाव वाले इलाकों का अद्यतन मानचित्र तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आपदा की दृष्टि से संवेदनशील गांवों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सूची भी तैयार की जाएगी। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग सहित राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर संवेदनशील स्थलों का विशेष निरीक्षण करने को कहा। जेसीबी, पोकलैंड, डंपर, क्रेन और अन्य आवश्यक मशीनरी को पहले से संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रखने तथा बार बार बाधित होने वाले मार्गों के लिए वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था



सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रभावी सचिवों को अपने आवंटित जनपदों का भ्रमण कर तैयारियों का निरीक्षण करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक और सूचना बोर्ड लगाए जाएं तथा प्रत्येक तहसील में राहत एवं बचाव सामग्री का पर्याप्त भंडारण किया जाए। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और जिला नियंत्रण कक्षों के बीच चौबीसों घंटे समन्वय बनाए रखा जाए। मौसम संबंधी अलर्ट ग्राम स्तर तक पहुंचाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए तथा पर्यटकों और यात्रियों को समय पर मौसम की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मानसून से पहले अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि जल निकासी और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह कार्य प्राथमिकता से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के दौरान विद्युत, पेयजल, सड़क, दूरसंचार और अन्य मूलभूत सेवाएं लंबे समय तक बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने एसटीपी और पुलों के आसपास की विद्युत लाइनों का सुरक्षा ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए कैंचीधाम बाईपास को बुधवार से आवागमन के लिए शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को यातायात जाम से बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने ब्रिक्स डिजास्टर रिस्क रिडक्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन मॉडल को मिली अंतरराष्ट्रीय सराहना पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एसडीआरएफ, यूएलएमएमसी तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के समन्वित प्रयासों, तकनीक आधारित कार्यप्रणाली और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे सतत नवाचारों का परिणाम है। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने मानसून सीजन की तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय कुमार रोहिला, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश कुमार झा, पंकज कुमार पाण्डेय, रविनाथ रमन, धीराज गर्ब्याल, रणवीर सिंह चौहान, सी. रविशंकर, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, गढ़वाल कमिश्नर आनंद स्वरूप और सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 से 14 जून तक प्रदेशभर में होंगे जनकल्याण कार्यक्रम

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के सबसे अधिक कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तराखण्ड में 12 से 14 जून तक विभिन्न जनसंपर्क, जनजागरूकता एवं जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को इन कार्यक्रमों का प्रभावी, व्यापक और जनसहभागिता आधारित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि 12 से 14 जून तक उपलब्धि प्रदर्शनी आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुखउपलब्धियों, विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण निर्णयों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जाए, जिससे आमजन को सरकार की विकास यात्रा और उपलब्धियों की समग्र जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम सूर्य घर योजना, लखपति दीदी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों और आम नागरिकों से संवाद स्थापित किया जाए। साथ ही योजनाओं की जानकारी देने, पात्र लोगों को लाभ दिलाने तथा जनसमस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि 12 जून को सभी जनपदों में जिला स्तरीय प्रेस वार्ताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रेस वार्ताओं के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतीकरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण तथ्यपरक, जनोपयोगी और सरल भाषा में तैयार किया जाए तथा विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभारी मंत्री अपने अपने जनपदों और क्षेत्रों में संवाद कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के साथ ही जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जनहित और विकास के संकल्पों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूर्ण समन्वय, व्यापक जनसहभागिता और प्रभावी प्रचार प्रसार के साथ सुनिश्चित किया जाए।

## पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी को दी भावभीनी विदाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद ऊधम सिंह नगर से पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जितेन्द्र चौधरी के देहरादून स्थानांतरण पर बुधवार को पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी के जनपद में दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि जितेन्द्र चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा जनहित से जुड़े मामलों में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात के रूप में कार्य करते हुए जितेन्द्र चौधरी ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने, नशा मुक्ति अभियानों को प्रभावी बनाने तथा जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूती मिली और जनविश्वास बढ़ा। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जितेन्द्र चौधरी का कार्यकाल जनपद पुलिस के लिए उपलब्धियों भरा रहा। उनके कार्यों और अनुभवों से पुलिस विभाग को निरंतर लाभ मिलता रहा है। इस अवसर पर एसएसपी अजय गणपति ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल



भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह में एसपी सिटी रुद्रपुर, पुलिस उपाधीक्षक पंतनगर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस परिवार ने उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, वाहन सीज

नानकमत्ता। थाना नानकमत्ता पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को 24.84 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्मैक परिवहन में प्रयुक्त एक आई-20 कार को भी कब्जे में ले लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 09 जून को चेकिंग अभियान के दौरान ग्राम बिचई निवासी कमलजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह को 24.84 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से बरामद स्मैक को जब्त कर लिया गया तथा तस्करी में इस्तेमाल वाहन को भी सीज कर दिया गया। पकड़े गए वक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## ससुरालियों पर विवाहिता से मारपीट और फायरिंग का आरोप

काशीपुर। एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के ससुरालियों पर उसकी पुत्री के साथ मारपीट करने व अपने दामाद के भाई पर उन पर गोलियां चलाने का आरोप लगाया है। ग्राम बगवाड़ा, कुंडा, काशीपुर निवासी सतवन्त सिंह पुत्र दर्शन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 जून को उनकी पुत्री मनदीप कौर ने फोन करके बताया कि वह किसी पड़ोसी के घर से फोन कर रही है, उसके पति हरजीत सिंह पुत्र जोगेन्दर सिंह निवासी ग्राम पच्चावाला, कुण्डेश्वरी एवं उसके देवर प्रदीप सिंह, उसके ससुर जोगेन्दर सिंह व सास सिन्दर कौर उसे कमरे में बन्द कर उसके साथ मारपीट की है। सतवन्त सिंह ने बताया कि फोन आते ही सबसे पहले उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। जब वह और उनकी पत्नी वहाँ पहुँचे तो मनदीप के देवर प्रदीप सिंह ने अपने घर की छत पर चढ़कर दो हवाई फायर किए। उन्होंने बड़ी मुश्किल से अपनी बेटी को पड़ोसियों के घर से लिया। तथा उनकी पुत्री के पति हरजीत सिंह व उसके पिता ने ने उनके साथ आए पड़ोसियों को गन्दी-गन्दी टिप्पणी व अपशब्द बोले। उन्होंने उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सतवन्त सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 27, बीएनएस की धारा 115(2), 125, 127(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना एसआई कंचन कुमार के हवाले की है।

## निकायों के विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी कोई बाधा : राम सिंह कैड़ा

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में प्रदेश के सभी नगर निगमो में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगमों के महापौर, नगर आयुक्तों सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए श्री कैड़ा ने कहा कि राज्य सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दिन-रात कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व मै हमारी सरकार नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आने दी जाए।उन्होंने कहा कि नगर निकायों के जनप्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। इसलिए उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निकायों से जुड़े लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शहरी विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 500 अतिरिक्त कूड़ा संग्रहण वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं साथ ही इन वाहनों की निगरानी और कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए विशेष मोबाइल एप भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को ही 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि निकायों में लंबे समय से रिक्त चल रहे अधिशासी अधिकारी,



अपर अभियंता तथा राजस्व निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जिससे विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। मंत्री श्री कैड़ा ने सभी नगर निकायों से अपनी आय के स्रोत बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय रूप से सशक्त निकाय ही बेहतर जनसेवाएं उपलब्ध करा सकते हैं। इसके लिए स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा राजस्व वृद्धि के नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, सड़क सुधार, विद्युत, पेयजल एवं गैस पाइपलाइन को भूमिगत करने, डंपिंग जोन विकसित करने, गौशालाओं के निर्माण तथा अन्य विकास परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए। इसके साथ ही आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त संख्या में शेल्टर होम विकसित करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि निकायों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी गंभीरता से प्रयास करेगी तथा उनके सुझावों को भी योजनाओं में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संवाद और समन्वय किसी भी समस्या के समाधान की सबसे प्रभावी कुंजी है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार की समीक्षा बैठकों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा सके और जनहित से जुड़े कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे हो सकें। बैठक में विभिन्न निकायों द्वारा संचालित विकास योजनाओं, स्वच्छता प्रबंधन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शहरी विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान बैठक मै सभी नगर निगमो के महापौर गण, सचिव नितेश झा, अपर सचिव विनोद गिरी गोस्वामी, नगर निगमो के नगर आयुक्त, उच्च अधिकारी मौजूद रहे!

# करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

## ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग

खटीमा। विद्युत लाइन पर मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से लाइनमैन रंजीत सिंह राणा की मौत के बाद ऊर्जा निगम की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। परिजनों का आरोप है कि संबंधित कर्मचारियों को शटडाउन देने की सूचना पहले ही दे दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद लाइन में करंट प्रवाहित होता रहा, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार लाइनमैन रंजीत सिंह राणा विद्युत लाइन पर कार्य कर रहे थे। बताया जा रहा है कि काम शुरू करने से पहले शटडाउन लेने की प्रक्रिया पूरी की गई थी और संबंधित सब स्टेशन को इसकी जानकारी भी दी गई थी। परिजनों का आरोप है कि शटडाउन सुनिश्चित किए बिना ही लाइन पर काम शुरू करा दिया गया। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया और रंजीत सिंह उसकी चपेट में आ गए। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही



अस्पताल में परिजनों, परिचितों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए परिजनों ने घटना के लिए ऊर्जा निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा विभागीय कार्रवाई की मांग की। परिजन पहले पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने जरूरी हैं। अस्पताल परिसर में मृतक की मां, पत्नी, बहन और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मां बार-बार बेटे को याद कर बेसुध होती रही, जबकि बहन ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। परिजनों का कहना था कि यदि शटडाउन की प्रक्रिया सही तरीके से लागू की गई होती तो रंजीत सिंह आज जीवित होते। घटना के बाद अस्पताल में काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा निष्पक्ष जांच तथा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत लाइनों पर कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। कई बार कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों और निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं, लेकिन व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। लोगों ने मांग की है कि इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में किसी कर्मचारी को इस तरह अपनी जान न गंवानी पड़े। रंजीत सिंह राणा अपने पीछे पत्नी, बच्चों और बुजुर्ग मां सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार पर अचानक आए इस दुख के पहाड़ ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# तीनपानी डैम का निर्माण बरसात से पहले पूरा करें: विकास शर्मा

रूद्रपुर। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर एक फुलसुंगा स्थित तीनपानी डैम के पुनर्निर्माण कार्य का महापौर विकास शर्मा ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा की समीक्षा करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बरसात शुरू होने से पहले जल निकासी से जुड़े प्रमुख कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता पी.के. दीक्षित और अपर सहायक अभियंता हरपाल सिंह से परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने की हिदायत देते हुए कहा कि यह परियोजना सीधे तौर पर हजारों लोगों के हितों से जुड़ी हुई है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि तीनपानी डैम लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। डैम के निकासी गेटों की क्षमता कम होने के कारण बरसात के दौरान पानी का दबाव बढ़ने पर जल निकासी सुचारू रूप से नहीं हो पाती थी। परिणामस्वरूप बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर आसपास की सड़कों, आवासीय कॉलोनियों और निचले क्षेत्रों में भर जाता था। इससे वार्ड नंबर एक सहित आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी को हर वर्ष जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष प्रमुखता से उठाया था। मुख्यमंत्री ने जनहित को देखते हुए इस परियोजना को अपनी घोषणाओं में शामिल कर 1.84 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की, जिसके



बाद सिंचाई विभाग द्वारा डैम के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया गया। वर्तमान में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और विभागीय अधिकारी इसे समयबद्ध ढंग से पूरा करने में जुटे हैं। महापौर ने कहा कि बरसात का मौसम निकट है, इसलिए निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाया जाए। विशेष रूप से जल निकासी से संबंधित संरचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए ताकि इस वर्ष क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि हजारों लोगों को राहत पहुंचाने वाला जनहित का महत्वपूर्ण कार्य है। विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग और समर्थन से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होने जा रहा है। डैम के पुनर्निर्माण के बाद जल निकासी व्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे फुलसुंगा और आसपास की कई कॉलोनियों को बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डैम में आरसीसी निर्माण कार्य चल रहा है और विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बरसात से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुचारू करने के लिए आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य में बाधा बन रहे कुछ विद्युत पोलों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता भी बताई। इस पर महापौर ने कहा कि वह विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द पोलों को शिफ्ट कराने की व्यवस्था करेंगे ताकि परियोजना के कार्य में किसी प्रकार की रुकावट न आए। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जनता से जुड़े विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और प्रत्येक परियोजना की नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तीनपानी डैम का पुनर्निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी और बरसात के मौसम में जनजीवन प्रभावित नहीं होगा।

# अवैध खनन के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद ऊधमसिंह नगर में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में बाजपुर सर्किल क्षेत्र में पुलिस, पीएसी और अर्द्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने विभिन्न खनन क्षेत्रों, घाटों और संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर खनन गतिविधियों की निगरानी की। अभियान के तहत बाजपुर पुलिस ने गौ घाट, प्रधान घाट, बाजार घाट सहित अन्य क्षेत्रों में व्यापक चेकिंग की। वहीं गदरपुर पुलिस ने गूलरभोज और मोहाली जंगल क्षेत्र में विशेष निगरानी अभियान चलाया। केलाखेड़ा पुलिस ने मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में बैरियर लगाकर वाहनों की जांच की तथा नियमित गश्त भी की। पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की संयुक्त टीमों ने खनन क्षेत्रों में पैदल गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान खनन सामग्री से भरे ट्रकों और डंपरों की रॉयल्टी सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। चेकिंग अभियान के दौरान चौकी सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में लगभग 40 से 45



वाहनों तथा बन्नाखेड़ा चौकी क्षेत्र में 25 वाहनों की जांच की गई। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान किसी भी वाहन में अवैध उपखनिज नहीं पाया गया तथा सभी वाहनों के पास खनन सामग्री से संबंधित वैध रॉयल्टी और आवश्यक दस्तावेज मौजूद मिले। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग अथवा इससे संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# मृतका के परिजनों को मिली दो लाख की सहायता

दिनेशपुर। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना आम लोगों के लिए कठिन समय में सहारा साबित हो रही है। इसी क्रम में दिनेशपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के माध्यम से ग्राम बसंतीपुर निवासी शांति अधिकारी के आकस्मिक निधन के बाद उनके पति विकास अधिकारी को योजना के तहत दो लाख रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक, दिनेशपुर शाखा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने विकास अधिकारी को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना कम प्रीमियम में अधिक सुरक्षा प्रदान करने वाली जनहितकारी योजना है। योजना का उद्देश्य परिवार के मुखिया अथवा बीमाधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि कठिन परिस्थितियों में उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।उन्होंने लोगों से सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि योजना से जुड़कर आम नागरिक अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं।बीमा सहायता राशि प्राप्त करने के बाद



विकास अधिकारी ने भारतीय स्टेट बैंक तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आर्थिक सहायता से परिवार को कठिन समय में काफी राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान बैंक के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इनमें विनय बिष्ट, नीरज राणा, मनीषा, अनिल, सरबन कुमार, भीम सेन और गंगा सिंह सहित अन्य बैंक कर्मी शामिल रहे। सभी ने दिवंगत शांति अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# छात्राओं की स्कूटी को बोलेरो ने मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

काशीपुर (उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में कॉलेज जा रही दो छात्राएं सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। मामले में छात्राओं के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में फिरोजपुर निवासी पंकज गौतम ने बताया कि उनकी पुत्री सानिया तथा उसकी सहपाठी रजविंदर कौर राधे हरि राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं हैं। आरोप है कि छह जून को दोनों छात्राएं इलेक्ट्रिक स्कूटी से कॉलेज जा रही थीं। दोपहर करीब 12 बजे जब वे कॉलेज के सामने पहुंचीं तो तेज गति और कथित लापरवाही से आ रही एक बोलेरो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। तहरीर के अनुसार दुर्घटना में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं तथा उनके पैरों में फ्रैक्चर हो गया। हादसे में स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायल छात्राओं को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन का नंबर यूके 06 एक्स 2888 है। मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी गई थी। तहरीर के साथ घायल छात्राओं के उपचार संबंधी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जीजीआईसी में 62 बालिकाएं इंग्लिश परीक्षा में फेल

सितारगंज । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 62 बालिकाएं अंग्रेजी की परीक्षा में फेल हुई है। इससे विद्यालय में पठन-पाठन के कार्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के फेल होने के पीछे विद्यालय में अंग्रेजी विषय को लेकर गैर जिम्मेदाराना पन सामने आ रहा हैं। बालिकाओं के अभिभावकों ने विद्यालय की टीचर पर अनदेखी का आरोप लगाया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट कक्षा में 230 छात्राएं पंजीकृत हैं। जिनमें से 16 छात्राएं परीक्षा से अनुपस्थित रही। लगभग 214 छात्राओं ने विद्यालय में परीक्षा दी। इंटरमीडिएट का रिजल्ट आने पर 214 छात्राओं में से 62 छात्राएं अंग्रेजी विषय में फेल हो गई हैं। जिससे छात्राओं के भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अनु ट्रेन हुई छात्राओं के अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय में अंग्रेजी विषय को लेकर तैयारी नहीं कराई जाती है। जबकि अंग्रेजी विषय की शिक्षक विद्यालय में तैनात हैं। अंग्रेजी विषय की तैयारी नहीं होने पर छात्राओं को फेल होकर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




गुरू मां **Guru Maa Enterprises**

**RUDRAPUR** - 9927882338, **KASHIPUR**- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, **HALDWANI** - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, **HARIDWAR** - 9761699704, **MORADABAD** - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, **SAMBHAL** - Aiaza Mart- 9837254639, **GADARPUR** - Gurunanak Enterprises, 9927850999, **KICHHA** - Deepak Eletronics 7017575920, **ALMORA** - Gupta Electronics 7895887544, **LALKUAN** - New Radhe Radhe 8923493000, **PITHORAGHRH** - Shiva Enterprises 9760633187, **KOTDWAR** - Shree Keshav Electronics- 9205867411, **PANIPAT** - 8607964000, **KARNAL**- 8684077000.


उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखण्ड
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
सशक्त भारत उत्तराखण्ड
विकसित भारत @ 2047
देवभूमि उत्तराखण्ड
विकास भी, विरासत भी
सेवा, सुशासन और विकास की 12 जनकल्याणकारी योजनाएं
1 जन धन योजना
बैंकिंग को गांव-गांव तक पहुंचाया
2 उज्ज्वला योजना
धुएं से मिली राहत
3 आयुष्मान भारत
5 लाख तक का मुफ्त इलाज योजना
4 स्वच्छ भारत मिशन
शौचालय से बदली सोच
5 जल जीवन मिशन
हर घर नल का सपना
6 मुद्रा योजना
छोटे कारोबार को ताकत
7 स्टार्टअप इंडिया
युवाओं को नई उड़ान
8 पीएम आवास योजना
गरीब का पक्का घर
9 डिजिटल इंडिया
क्लिक करें। जुड़ें। आगे बढ़ें
10 पीएम किसान सम्मान निधि
किसानों को सीधी मदद
11 मेक इन इंडिया
रोजगार और उत्पादन पर जोर
12 पीएम स्वनिधि योजना
छोटे दुकानदारों को सहारा
नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री
चारधाम ऑल वेदर रोड
सुविधाजनक और सुरक्षित यात्रा
रोपवे परियोजनाएँ
कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा
स्वरोजगार योजनाएँ
स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर
युवा उद्यमिता प्रोत्साहन
स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा
धार्मिक एवं पर्यटन सर्किट विकास
आस्था और पर्यटन को नए आयाम
राज्य में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का हुआ आयोजन
पहली बार राज्य को 100 से अधिक पदक
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में
विकसित उत्तराखण्ड की योजनाएँ
समान नागरिक संहिता (UCC)
देश में लागू करने वाला पहला राज्य
नकल विरोधी कानून
पारदर्शी भर्ती प्रणाली, युवा का सम्मान
महिला आरक्षण (30%)
नारी सशक्तिकरण की ऐतिहासिक पहल
लखपति दीदी योजना
महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता
होम स्टे योजना
स्थानीय लोगों को रोजगार व सम्मान
किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर का अब तक 85 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# एच-1बी वीजा पर राहत

अमेरिका में नौकरी का सपना संजोए कुशल भारतीय पेशेवरों की उम्मीदें फिर से जिंदा हो गई हैं। वहां की एक संघीय अदालत के फैसले ने एच-1बी वीजा पाने की उनकी राह फिलहाल आसान कर दी है। एच1बी वीजा कार्यक्रम के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालत से बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की एक अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप के उस प्रस्ताव पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि भ-1ठ वीजा कार्यक्रम के तहत दूसरे देशों के कर्मचारियों को रखने पर 1,00000 डॉलर का शुल्क लगाया जाएगा।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पिछले साल इस वीजा के आवेदन पर लगाए गए एक लाख डॉलर के शुल्क को अदालत ने अवैध करार दिया है। साथ ही कहा कि इसके लिए अमेरिकी कांग्रेस से विधिवत मंजूरी नहीं ली गई थी। यह फैसला भारत समेत अन्य देशों में ही नहीं, बल्कि अमेरिकी समाज के एक वर्ग में भी रोजगार-आधारित आव्रजन प्रणाली के लिए न्यायसंगत कदम के रूप में देखा जा रहा है। यह बात छिपी नहीं है कि कुशल वैश्विक प्रतिभाओं का अमेरिका के प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा एवं उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और यह एच-1बी वीजा से ही संभव हो पाया है। मगर, ट्रंप प्रशासन 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के जरिए वहां की कंपनियों पर दूसरे देशों से कुशल पेशेवरों की आवक को कम करने का दबाव बनाते रहे हैं।एच-1बी एक अस्थायी प्रवास वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को उन विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। वहां की प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रत्येक वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों की संख्या में कुशल कर्मियों की भर्ती के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। अमेरिका की ओर से हर साल करीब 65,000 एच-1बी वीजा जारी किए जाते हैं और इसे पाने वालों में भारतीय पेशेवरों की तादाद अच्छी-खासी होती है। मगर, ट्रंप प्रशासन ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि जो कंपनियां इस श्रेणी के वीजा पर किसी विदेशी पेशेवर को नौकरी देंगी, उन्हें एक लाख डॉलर का शुल्क देना होगा, जबकि पहले यह राशि दो हजार से पांच हजार डॉलर तक थी। उसके बाद से न केवल एच-1बी वीजा पाने वालों की संख्या में खासी कमी आई, बल्कि अमेरिका में कार्यरत कई भारतीयों को स्वदेश लौटना पड़ा। मगर, अब संघीय अदालत की ओर से इस आदेश को रद्द कर दिए जाने से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिली है।

# कैंचीधाम मेले में श्रद्धालुओं के लिए चाक चौबंद होंगी व्यवस्थाएं

नैनीताल (उद संवाददाता)। आगामी 15 जून को बाबा नीम करौरी महाराज के स्थापना दिवस के अवसर पर कैंचीधाम में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मंदिर परिसर स्थित सभागार में मंदिर समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने मेले को व्यवस्थित, शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए यातायात प्रबंधन, पार्किंग, शटल सेवा, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और दर्शन सुगमता से हों, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले भक्तों को एक सुखद अनुभव मिलना चाहिए। शिप्रा नदी की स्वच्छता के लिए वन विभाग को विशेष निगरानी रखने और नदी क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर पालिका भीमताल, भवाली और जिला पंचायत को यात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और निरंतर कूड़ा उठान के आदेश दिए गए। यातायात व्यवस्था के तहत, शटल सेवा संचालन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, शौचालय और टेंट जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्रत्येक स्थल पर राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग का एक-एक प्रतिनिधि तैनात रहेगा। परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए कि बसों और टैक्सियों के किराए की सूची फ्लेक्सी बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित की जाए। मेले के दौरान मार्ग पर कोई भी ठेला, फूड वैन या भंडारा संचालित नहीं किया जाएगा ताकि यातायात बाधित न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बैठक में ट्रैफिक प्लान के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि यात्रा मार्ग से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाए जाएंगे ताकि आवागमन में कोई अवरोध न रहे। स्वास्थ्य सुविधाओं के दृष्टिगत क्षेत्र में



तीन एम्बुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हल्द्वानी, काठगोदाम, नैनीताल, भीमताल, भवाली व खैरना से शटल सेवा उपलब्ध रहेगी, जिसके लिए 254 बसें और 250 टैक्सियां लगाई गई हैं। हल्द्वानी से किराया 150 रुपए, भीमताल व नैनीताल से 100 रुपए तथा भवाली व खैरना से 50 रुपये प्रति व्यक्ति एक तरफ का निर्धारित किया गया है। बैठक में ब्लॉक प्रमुख अंकित शाह, मंदिर समिति के ट्रस्टी मंजुल कुमार जोशी, प्रदीप शाह, आलोक चौपड़ा, शैलेंद्र शाह, पवन रधुवंशी, पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र, उप जिलाधिकारी धारी अनुराग आर्य, उप जिलाधिकारी कैंचीधाम दिव्यांशु, पुलिस अधीक्षक संचार रेवाधर मठपाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल, परिवहन निगम की महाप्रबंधक पूजा जोशी, संभागीय परिवहन अधिकारी गुरुदेव सिंह और अरविंद पाण्डे सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईजी निवेदिता ने मंडलायुक्त दीपक रावत से की शिष्टाचार भेंट

नैनीताल। मंगलवार को आईजी कुमाऊं निवेदिता कुकरेती कुमार ने कुमाऊं मंडल आयुक्त कार्यालय नैनीताल पहुंचकर मंडलायुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान आईजी कुमाऊं ने कुमाऊं मंडल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़, बेहतर और प्रभावी ढंग से अमल में लाने के लिए बहु-आयामी विषयों पर पर चर्चा की। चर्चा में कुमाऊं मंडल में आधारभूत विभिन्न सुविधाओं सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। आईजी निवेदिता कुकरेती कुमार ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि शासन के अनुरूप सभी आयामों पर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएंगे और धरातल पर कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए तत्परता से कार्य किया जाएगा।



# आधी रात बेकाबू हुआ ट्रक, घर और चाट की दुकान में घुसा

शक्तिफार्म। सोमवार देर रात टैगोर नगर तिनपानी क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार से आ रहा एक भारी भरकम ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मकान और चाट-पकौड़ी की दुकान में जा घुसा। हादसा रात करीब 12:53 बजे हुआ। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान बंद थी और आसपास कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार ट्रक सिडकुल क्षेत्र से बाजार की ओर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। टैगोर नगर तिनपानी पहुंचते ही चालक ट्रक पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सीधे उत्तम गाइन के मकान व पड़ोसी चाट-पकौड़ी की दुकान से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि मकान को भी नुकसान पहुंचा। भीषण आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय भारी वाहनों की तेज रफ्तार लगातार खतरा बनती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी वाले इलाकों में भारी वाहनों की गति पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए और रात में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



# कलस्टर की लाभार्थी महिलाओं को सब्सिडी सहित बाँटे कृषि उपकरण

बाजपुर (उद संवाददाता)। मधुबन क्लस्टर में क्लस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्लस्टर से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा हुई और कलस्टर में आए हुए कृषि यंत्रों जो भी विशेष छूट पर क्लस्टर की लाभार्थी महिलाओं को दिया गया। जिसमें कृषि में प्रयुक्त होने वाले यंत्रों को 75 प्रतिशत की सब्सिडी में महिलाओं को दिया जा रहा है। क्लस्टर की महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कृषि मंत्री गणेश जोशी का



धन्यवाद किया। कलस्टर अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि 75 प्रतिशत सब्सिडी पर मिले कृषि यंत्रों से अब ग्रामीण महिलाओं का कृषि काम आसान होगा और उत्पादन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान हितैषी फैसलों से यह योजना संचालित की जा रही है। उत्तराखंड की नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए हम इनका आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर उमेश छिमवाल, निशा रावत, रश्मि, आशा, उर्मिला कांडपाल, विमला देवी, सावित्री, सोनी नेगी, सुमित्रा, सोमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# सभी में परमात्मा के दर्शन करते हुए व्यवहार करो- हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान कोई वाणी विलास नहीं है जीवन में सदाचार,संयम एवं भक्ति के आने पर जो ज्ञान स्वत: उत्पन्न होता है वही शाश्वत ज्ञान है। उन्होंने कहा कि चिन्ताएँ त्याग कर प्रभु चिंतन करो। सभी में परमात्मा के दर्शन करते हुए व्यवहार करो। सद्गुरु की कृपा से प्राप्त प्रभु नाम जपकर व कल्याणमय मार्ग पर चलने से व्यक्ति अवश्य ही भवसागर से पार उतर सकता है । दृढ़ विश्वास पूर्वक परमात्मा का नाम ,जप भव रोगों की अचूक औषधि है । उन्होंने कहा कि माता-पिता, बड़े बुजुर्गों , संतो, महापुरुषों, तीर्थ, धर्म स्थलों व देश की संस्कृति का सम्मान करें। धर्म का साथ दें, अधर्म के विनाश में सहयोग दें व शांति को जीवन में प्रमुखता से स्थान दें । उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरु महाराज" "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैय्या "की जय जयकार से गूंज उठा।



# जितेन्द्र मेहता को भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बनाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समर्पित कार्यकर्ता जितेन्द्र मेहता जीतू पर को भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का उत्तराखंड प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री मेहता की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से कुमाऊं सहित पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है। श्री मेहता ने इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरेंगे। देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और कला को सहेजने के साथ-साथ, सांस्कृतिक मंचों के माध्यम से भाजपा की लोक-कल्याणकारी नीतियों और विचारधारा को उत्तराखंड के कोने-कोने में जन-जन तक पहुँचाना उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी।श्री मेहता को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर कौस्तुभनंद जोशी, विधायक वंशीधर भग, मोहन सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, सरिता आर्या, दीपा दर्मवाल,गजराज बिष्ट मेयर, प्रताप बिष्ट जिला अध्यक्ष, सुरेश भट राज्य मंत्री समेत सभी ने शुभकामनायें दी व उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व और लंबे सांगठनिक अनुभव का लाभ पार्टी को बड़े पैमाने पर मिलेगा।



# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुद्वारे में हुई विशेष अरदास

गदरपुर (संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गदरपुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष अरदास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव सिंह नामधारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा राष्ट्र सेवा के लिए उन्हें निरंतर ऊर्जा और शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारे में बाबा जी द्वारा विशेष अरदास कर देश की उन्नति, खुशहाली और समृद्धि के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने का कार्य किया है और देश को विकास, आत्मनिर्भरता तथा सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक, सामाजिक और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कंबोज ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस अवधि में राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई दूरगामी निर्णय लिए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, हरलोक सिंह नामधारी, सुरेंद्र सिंह नामधारी, गुरु सेवक सिंह, अंग्रेज सिंह, तेजेंद्र सिंह नामधारी, गुरनाम सिंह, नरेंद्र सिंह, हीरा सिंह, बब्बू सिंह, जस्सा सिंह, नागेंद्र सिंह, महल सिंह नामधारी, कुलविंदर सिंह, हरदयाल सिंह, सागर गंडा, अजब सिंह, कपिल गंडा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# गैस, पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर आम जनता पर डाला जा रहा आर्थिक बोझः ठुकराल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पेट्रोलियम उत्पादों और घरेलू एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि तेल कंपनियों के लगातार बढ़ते मुनाफे के बावजूद आम जनता को राहत नहीं दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई की मार झेल रही जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जिससे आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। मीडिया को जारी बयान में ठुकराल ने दावा किया कि सरकारी तेल कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 77 हजार करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा कमाया है। उन्होंने कहा कि जनवरी से मार्च 2026 की अवधि में भी तेल कंपनियों का लाभ करीब 19 हजार करोड़ रुपये रहा। इसके बावजूद गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बार बार वृद्धि किया जाना आम जनता के साथ अन्याय है। ठुकराल ने कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के



परिवारों के लिए घरेलू खर्चों का प्रबंध न लगातार कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने का सीधा असर परिवहन लागत पर पड़ता है, जिसके कारण खाद्य पदार्थों सहित दैनिक उपयोग की लगभग सभी वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। इसका खामियाजा अंततः आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तेल कंपनियों को लाभ पहुंचाने की नीति पर काम कर रही है, जबकि आम जनता महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार को तेल कंपनियों के मुनाफे का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना चाहिए और पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस की कीमतों में राहत देनी चाहिए। ठुकराल ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम लोगों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और जनता में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि समय रहते जनभावनाओं को नहीं समझेगी तो जनता इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से उचित समय पर देगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों की समीक्षा करने और महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर प्रशासन का शिकंजा

रामनगर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को रामनगर में स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने झोलाछाप डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई कथित झोलाछाप चिकित्सक और मेडिकल स्टोर संचालक अपनी दुकानें बंद कर मौके से गायब हो गए। संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर क्लिनिकों और मेडिकल स्टोरों की जांच की। अभियान के दौरान दो क्लिनिक ऐसे पाए गए, जहां बिना मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय डिग्री के उपचार किया जा रहा था। जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों क्लिनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इसके आधार पर संबंधित मेडिकल स्टोर के लाइसेंस को निलंबित किए जाने की



संस्तुति की गई है। इसके अलावा कई अन्य प्रतिष्ठानों में भी आवश्यक दस्तावेजों और नियमों से संबंधित कमियां पाई गई हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित संचालकों को तीन दिन के भीतर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपने सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी को भी मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर केवल सरकारी अस्पतालों अथवा पंजीकृत और योग्य चिकित्सकों से ही उपचार कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। अभियान के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी, औषधि निरीक्षक डॉ. अर्चना उप्पल सहित स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# भैंसें चोरी होने से परेशान पशुपालक ने उठाया आत्मघाती कदम

गदरपुर। विभाजन के समय पाकिस्तान से लाई गई दुर्लभ नस्ल की भैंसों की चोरी के मामले में पुलिस की कार्रवाई से नाराज एक पशुपालक ने मंगलवार को गदरपुर कोतवाली के मुख्य द्वार पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास कर लिया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम बमनपुरी निवासी राजेंद्र सिंह की कुछ समय पूर्व तीन भैंसें चोरी हो गई थीं। बताया जाता है कि ये भैंसें उनके परिवार द्वारा विभाजन के दौरान पाकिस्तान से लाई गई नस्ल से जुड़ी थीं और पशुपालक के लिए भावनात्मक व आर्थिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण थीं। भैंस चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी और दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने भैंसों को बेचने की बात स्वीकार की थी। मामले में कुछ धनराशि भी बरामद की गई, लेकिन चोरी गई भैंसों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसी बात को लेकर पशुपालक लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था और अपनी भैंसों की बरामदगी की मांग कर रहा था। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उनका कहना है कि यदि पुलिस समय रहते खरीदारों तक पहुंचती तो भैंसों की बरामदगी संभव थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पीड़ित लंबे समय से न्याय की गुहार लगा रहा था, लेकिन उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मंगलवार को परेशान पशुपालक सीधे कोतवाली पहुंचा और पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कोतवाली गेट पर ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल भैंस चोरी का मामला नहीं, बल्कि पीड़ित की न्याय व्यवस्था से टूटती उम्मीदों का भी मामला है। लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष समीक्षा कर यह जांच करने की मांग की है कि आखिर आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद चोरी गए मवेशियों की बरामदगी क्यों नहीं हो सकी।

## पेज एक का शेष...

**कार खाई में गिरने से ...**घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ, फायर सर्विस और 108 एम्बुलेंस को भी घटनास्थल पर भेजा गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना से कुछ समय पहले कार सवार लोग सड़क किनारे स्थित एक दुकान पर रुके थे और वहां से कुछ सामान खरीदा था। बातचीत के दौरान उन्होंने स्वयं को उत्तरकाशी से आने वाला बताया था। सामान खरीदने के बाद जैसे ही वे वाहन में सवार हुए, तीव्र ढलान पर खड़ी कार अचानक तेजी से आगे बढ़ने लगी। चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और कार सड़क किनारे स्थित खाली प्लॉट को पार करते हुए गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन दिल्ली नंबर की सफेद रंग की मारुति सिलेरियो कार थी। खाई अत्यंत दुर्गम होने तथा घनी झाड़ियों और खड़ी ढलान के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एसडीआरएफ के जवानों ने रस्सियों और विशेष उपकरणों की मदद से खाई में उतरकर अभियान चलाया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि कार में चार लोग सवार थे, जिनकी पहचान सत्य प्रकाश निवासी सोनीपत, हरियाणा, मनीत (19 वर्ष), सविता पत्नी धर्मवीर निवासी नेहरू नगर, गाजियाबाद तथा संगीता पत्नी टीटू निवासी करोलबाग, दिल्ली के रूप में हुई है। हादसे में चारों लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू अभियान के दौरान सबसे पहले एक महिला का शव खाई से बाहर निकाला गया। इसके बाद अन्य शवों को भी निकालने की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण दुर्घटना होना प्रतीत हो रहा है, हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी गई है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी मसूरी और पुलिस अधीक्षक नगर देहरादून भी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है।

**मुन्स्यारी से लौट रहे ...**गया। जानकारी के अनुसार हरियाणा के सोनीपत जिले के निवासी विवेक, अमनदीप, मोहित, आदित्य और अतुल पिथौरागढ़ जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मुन्स्यारी घूमने आए थे। मुन्स्यारी भ्रमण के बाद सभी दोस्त अपनी कार से टनकपुर के रास्ते हरियाणा लौट रहे थे। बुधवार तड़के करीब 3:21 बजे जब उनकी कार चल्थी और कठौल के बीच पहुंची तो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार चला रहे आदित्य को अचानक नींद की झपकी आने के कारण वाहन से नियंत्रण हट गया और कार सीधे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना चल्थी चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक राकेश कठायत के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने रात के अंधेरे में ही दुर्गम खाई में उतरकर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद सभी घायलों को खाई से बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस सेवा की सहायता से उन्हें उपजिला चिकित्सालय टनकपुर भेजा गया। घायलों की पहचान विवेक (32) निवासी ग्राम जाहरी, अमनदीप (30) निवासी ग्राम जाहरी, मोहित (33) निवासी किलोधड़, आदित्य (32) निवासी ग्राम शहजादपुर तथा अतुल (32) निवासी शहजादपुर, जिला सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है। उपजिला चिकित्सालय टनकपुर के चिकित्सकों के अनुसार हादसे में अधिकांश घायलों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में मोहित, अमनदीप और अतुल की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि विवेक और वाहन चालक आदित्य का उपचार टनकपुर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण चालक को नींद की झपकी आना प्रतीत हो रहा है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद घायलों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

**कार में पकड़ा हथियारों का ...**वैधता की जांच की जा रही है। इसी क्रम में चार जून को काशीपुर कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे की विवेचना के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि काशीपुर के कटोराताल क्षेत्र में खड़ी एक स्विफ्ट कार में भारी मात्रा में अवैध हथियार रखे गए हैं। सूचना के आधार पर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए देर रात वाहन को कब्जे में लिया। तलाशी के दौरान कार से एक 12 बोर पम्प एक्शन बंदूक, एक .22 बोर सेमी ऑटोमैटिक राइफल, एक .32 बोर सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, एक .32 बोर रिवाल्वर, 237 जिंदा कारतूस, चार मैगजीन तथा सात फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए। इसके अलावा स्विफ्ट कार संख्या यूके 18 पी 5046 को भी कब्जे में लिया गया। पुलिस के अनुसार बरामद हथियार, कारतूस, कथित फर्जी लाइसेंस और वाहन मुकदमे में नामजद सौरभ अग्रवाल, गौरव अग्रवाल पुत्रगण राकेश अग्रवाल तथा दीप्ति अग्रवाल पत्नी सौरभ अग्रवाल निवासी काशीपुर से संबंधित बताए जा रहे हैं। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने बताया कि राज्यभर में फर्जी शस्त्र लाइसेंसों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अब तक इस संबंध में विभिन्न जनपदों में तीन मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं तथा पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जांच के दौरान अब तक पांच अवैध शस्त्र और कई फर्जी लाइसेंस बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से फर्जी लाइसेंस बनवाकर उत्तराखंड में हथियार रखने और बाद में उन्हें वैध दिखाने की कोशिश करने वाले लोग एसटीएफ के रडार पर हैं। ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में हजारों स्थानांतरित शस्त्र लाइसेंसों और उनके धारकों का सत्यापन किया जा रहा है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी एसटीएफ ने कहा कि फर्जी शस्त्र लाइसेंस राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक शांति और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। उत्तराखंड पुलिस ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को संदिग्ध या फर्जी शस्त्र लाइसेंस की जानकारी हो तो वह तत्काल एसटीएफ को सूचित करे। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इस कार्रवाई में एसटीएफ के निरीक्षक अरुण कुमार, निरीक्षक एम. पी. सिंह, कांस्टेबल गुरवंत सिंह, कांस्टेबल मोहित वर्मा तथा कांस्टेबल सोनू पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**उत्तराखंड से यूपी तक ...**पते और संदिग्ध सत्यापन के आधार पर शस्त्र लाइसेंस हासिल करने का खेल लंबे समय से चल रहा था। लाइसेंस जारी होने के बाद उन्हें दूसरे राज्यों में ट्रांसफर कराया जाता था, जिससे पूरी प्रक्रिया वैध दिखाई दे। जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क में कई स्तरों पर लोगों की भूमिका हो सकती है, जिसके कारण मामला और गंभीर हो गया है। एसटीएफ की कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अब तक दो दर्जन से अधिक जिलों का नाम जांच के दायरे में आ चुका है। अधिकारियों को आशंका है कि यदि जांच आगे बढ़ी तो कई और जिलों तथा राज्यों के नाम भी सामने आ सकते हैं। यही कारण है कि संबंधित अभिलेखों का मिलान कर लाइसेंसों की वैधता की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि फर्जी लाइसेंसों के आधार पर खरीदे गए हथियार आखिर किन लोगों तक पहुंचे। आशंका जताई जा रही है कि इनमें से कुछ हथियार ऐसे लोगों के हाथों में भी पहुंच सकते हैं, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो या जिनकी गतिविधियां सुरक्षा की दृष्टि से संदिग्ध रही हों। यदि ऐसा हुआ है तो यह केवल फर्जीवाड़े का मामला नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बन सकता है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में लगातार नई जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। जांच अधिकारियों का मानना है कि अब तक पकड़े गए लोग केवल नेटवर्क की एक कड़ी हैं और इनके माध्यम से पूरे गिरोह तक पहुंचा जा सकता है। पूछताछ में लाइसेंस बनवाने वाले, सत्यापन कराने वाले और हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एक राज्य में फर्जी तरीके से लाइसेंस बनवाकर दूसरे राज्य में आसानी से ट्रांसफर कराया जा सकता है तो यह व्यवस्था में मौजूद खामियों की ओर इशारा करता है। यही वजह है कि अब पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं। आने वाले दिनों में इस नेटवर्क को लेकर कई बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। यदि जांच की परतें इसी तरह खुलती रहीं तो यह देश के सबसे बड़े फर्जी शस्त्र लाइसेंस और हथियार नेटवर्क के मामलों में शामिल हो सकता है।

**बच्चा चोरी गिरोह...**कर उन्हें निसंतान दंपतियों को लाखों रुपये में बेचने का काम करता था। बुधवार को मायापुर स्थित पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि छह जून को कनखल क्षेत्र के बैरागी कैंप स्थित झुग्गी बस्ती निवासी विनोद सोलंकी ने अपनी तीन वर्षीय पुत्री राधिका के अपहरण की सूचना पुलिस को दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर विशेष टीमों का गठन किया गया और बच्ची की तलाश शुरू की गई। एसएसपी ने बताया कि वह स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रहे थे तथा टीमों से नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट ली जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन किया, जिसके बाद फिरौती की संभावना कम पाई गई। इस आधार पर जांच का फोकस बच्चा चोरी और मानव तस्करी गिरोहों की ओर किया गया। पुलिस टीमों ने सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, मोबाइल डंप डाटा का विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी संदिग्धों की पहचान और लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया गया। लगातार जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनके आधार पर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी गई। पुलिस कार्रवाई से घबराकर गिरोह के कुछ सदस्य अपहृत बच्ची को दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर हरिद्वार पुलिस की टीम तत्काल दिल्ली पहुंची और बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने मोहम्मद आकिल और उसकी पत्नी नसीमा निवासी अमरोहा हाल निवासी मुरादाबाद, जुल्फेकार निवासी अमरोहा, धर्मेंद्र कुमार निवासी मुजफ्फरनगर हाल निवासी लक्सर, प्रीति शर्मा निवासी जालौन हाल निवासी मुजफ्फरनगर तथा शिवा सिंह उर्फ गौरव निवासी सिवान, बिहार हाल निवासी ज्वालापुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि गिरोह ने 24 मई को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से एक अन्य बच्चे का भी अपहरण किया था। पुलिस के अनुसार गिरोह उस डेढ़ वर्षीय बच्चे का सौदा कर उसे उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में बेच चुका था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डेढ़ वर्षीय कार्तिक को भी सकुशल बरामद कर लिया। इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि गिरोह के सदस्यों के बीच काम का स्पष्ट बंटवारा था। कुछ सदस्य बच्चों की रेकी कर उन्हें चोरी करने का काम करते थे, जबकि अन्य सदस्य उन्हें दूसरे राज्यों में ले जाकर खरीदारों की तलाश करते थे। गिरोह बच्चों को अपना रिश्तेदार या अनाथ बताकर निसंतान दंपतियों को बेच देता था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि मोहम्मद आकिल और प्रीति शर्मा बच्चों की कीमत तय करने तथा सौदे कराने में प्रमुख भूमिका निभाते थे। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि गिरोह बच्चों को दो लाख से पांच लाख रुपये तक में बेचता था। मामले में कई अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और गिरोह के संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।

**होटल में मुस्लिम...**होटल में रुकी थी, जहां उसने युवक को बुलाया था। मामले की गहन पड़ताल के बाद ही पुलिस कुछ कहने को तैयार है, पुलिस लव जिहाद से जुड़े एंगल की भी जांच कर रही है। हालांकि मामला दो अलग-अलग समुदायों से जुड़ा होने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पुलिस ने एहतियाती कार्रवाई करते हुए युवक को बीएनएस के अंतर्गत न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं होटल प्रबंधन पर भी बिना आवश्यक दस्तावेजों के ठहराने के आरोप में 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**संदिग्ध हालातों में ...**अनुज को दी। सूचना मिलने पर मृतक विनय के परिजन आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर पंचनामा भरा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मृतक विनय दो बहनों व दो भाईयों में सबसे छोटा था।

**कंपनी से लौटते...** ले जाया गया जहाँ उसका उपचार किया गया। रजनीश का आरोप है हमलावर व्यक्ति उसे धमकी दे रहा है कि रिपोर्ट करवायी तो जान से मार दूंगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पीएम मोदी की दीर्घायु के लिए किया हवन पूजन

रुद्रपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। आज उन्होंने एक और इतिहास रच दिया कि जब वह देश में सबसे अधिक दिन तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। पीएम मोदी आज 4399 दिनों तक रहने वाले प्रध ानमंत्री बन गए। जिसको लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने मंदिर में पूजा अर्चना की और पीएम मोदी की दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा की पीएम मोदी के 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। जिसमें उन्होंने सेवा, सुशासन और विकास की 12 जनकल्याणकारी योजनाएं देश को समर्पित की है। जिसमें जनधन योजना, उज्ज्वला योजना , आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना, डिजिटल इंडिया, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि योजना और मेक इन इंडिया शामिल हैं। चुघ ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकसित उत्तराखंड की भी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। जिसमें यूसीसी ,नकल विरोधी कानून, महिला आरक्षण, लखपति दीदी योजना, होम स्टे योजना, चार धाम ऑल वेदर रोड, रोपवे परियोजना, स्वरोजगार योजना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विश्वास और सब का विकास के साथ काम कर रही है। जिस कारण जन-जन से भाजपा को समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में देश और राज्य लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। चुघ





ने मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर मोदी के दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संदीप वर्मा, पवन सिंह थापा, अमित गौड़, पूरन पाण्डे, महेश ठाकुर, संदीप सिंह, अभय गौड़, नरेश रस्तौगी, राम प्रसाद, मनोज टम्टा,जयप्रकाश, भुरू यादव, कैलाश सिंह, अभिषेक चौहान, मुन्नी देवी, ममता जीना, गीता खर्कवाल, शीला यादव, उर्मिला यादव, मुन्नी देवी, मीरा, बबलू, युवराज, गौतम, अंश कुमार, अभय चौहान, प्रदीप चौहान, विकास चौधरी, गौरव, सत्येन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

# भाजपा नेता मित्तल ने चलाया स्वच्छता अभियान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्षेत्र में भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं एडवोकेट प्रमोद मित्तल द्वारा विशेष जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आमजनमानस को भोजन, मिष्ठान एवं शीतल मीठे शरबत का वितरण किया गया। इसके साथ ही गांधी पार्क एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान भी चलाया तथा स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रमोद मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता जनसेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और समाज के प्रत्येक वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान जितेंद्र साहनी, निखिल अरोड़ा, कुशल अग्रवाल, युवांश चावला, सुनील पचौरी, गुरप्रताप सिंह विर्क, दिव्यांश कुमार, ज्योति गर्ग, मनीष मित्तल, सीमा जोशी, आशा मुंजाल, मनीषा मेहता, गोगू सिंह विर्क सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।








# रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्यः ठुकराल

## ट्रांजिट कैम्प में आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

रूद्रपुर। रूद्रपुर चौरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में ट्रांजिट कैम्प सिडकुल ढाल स्थित अपना हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनों लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधि त करते हुए राजकुमार ठुकराल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रक्त उपलब्ध हो जाना उसके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, ऑपरेशन और अन्य आपात परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती रहती है। ऐसे में समाज के स्वस्थ लोगों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि इससे समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना भी मजबूत होती है। ठुकराल ने कहा कि युवाओं को विशेष रूप से रक्तदान के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए रूद्रपुर चौरिटेबल ब्लड सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जनजागरूकता बढ़ाने के साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि एकत्रित रक्त विभिन्न अस्पतालों में उपचाररत मरीजों और जरूरतमंद लोगों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र गंगवार, राजीव कुमार, अंकित यादव, नरेन्द्र कश्यप, विनोद, राहुल गंगवार, हरपला गंगवार, अमित गंगवार, दिव्यांशु विश्वकर्मा, कुलदीप चौहान, कुलदीप गंगवार, प्रमोद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# मोबाईल लूट के मामले में तीन गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मोदी मैदान के पास एक युवक से मोबाईल लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन लोगो को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाईल बरामद कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने सिडकुल आनंदपुर रोड पर गश्त के दौरान बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें तत्परता से घेराबंदी कर मौके पर पकड़ लिया गया।पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पता कुनाल शर्मा पुत्र तोता राम शर्मा निवासी बिलासपुर, जनपद रामपुर, गोविन्द सिंह पुत्र सेवा सिंह निवासी बिलासपुर, जनपद रामपुर तथा सन्नी पुत्र उमेश साहनी निवासी बिलासपुर, जनपद रामपुर बताया। तलाशी के दौरान गोविन्द सिंह के कब्जे से एक सैमसंग कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि मोबाईल एक युवक से लूटा गया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

